# बंगाल एक बार फिर हुआ शर्मशार

## दुर्गापुर गैंगरेप केस : पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- ममता पर बीजेपी की सीधी चुनौती
- तीन आरोपी गिरफ्तार, दो अभी भी फरार हैं

**नई दिल्ली 12 अक्टूबर. दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने राज्य को झकझोर दिया है. पुलिस की त्वरित कार्रवाई में तीन आरोपी पकड़े गए हैं, लेकिन दो अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. दुर्गापुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली ओडिशा की 23 वर्षीय छात्रा के साथ बीते दिनों सामूहिक दुष्कर्म की चौंकाने वाली घटना सामने आई है.**

बीजेपी की नेता लॉकेट चटर्जी ने ममता बनर्जी के दूसरे राज्यों में रेप केस गिनाने पर बढ़ी चुनौती दी. चटर्जी ने कहा कि वह बंगाल में घटना होने पर यूपी पहुंच गईं. क्या वे यूपी की तरह एक भी एनकाउंटर कर सकती हैं. लॉकेट चटर्जी ने कहा कि डॉक्टर बाहर घूम रहे हैं औ पुलिस हॉस्पिटल के अंदर है. बंगाल पुलिस ने गैंगरेप के इस मामले में तीन आरोपियों को अरेस्ट किया है. वही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि बंगाल में जीरा टॉलरेंस है. घटना की जांच जारी है. छात्रा अपने मित्र के साथ रात को 12-30 बजे गुपचुप खाने निकली थी, तभी कुछ युवकों ने उसे जबरन उठा लिया और सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म किया. पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ कथित रूप से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है. यह घटना केवल कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं खड़े कर रही, बल्कि राजनीतिक सरगर्मियों को भी हवा दे रही है.




> भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और वामपंथी दलों ने राज्यभर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए. बीजेपी समर्थकों ने आसनसोल थाने तक मार्च निकाला और थाने के बाहर धरना दिया. वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्गापुर सिटी सेंटर के बाहर प्रदर्शन किया, जो राज्य का सबसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है. प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए और मामले की निष्पक्ष जांच हो. पूर्व बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी. इसको लेकर बीजेपी नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई.



## गृह मंत्री अमित शाह आज जयपुर आयेंगे

**जयपुर.** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह तीन नवीन आपराधिक संहिताओं को लागू होने की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजस्थान की राजधानी जयपुर में सोमवार को आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष के सकारात्मक बदलाव के लिए जयपुर के सीतापुरा में एग्जिबीशन एवं कन्वेंशन सेंटर में 13 से 18 अक्टूबर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा जिसका श्री शाह दोपहर करीब 12 बजे उद्घाटन करेंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे. शाह अपने राजस्थान की एक दिवसीय यात्रा पर सोमवार को पूर्वाह्न 11.40 बजे जयपुर हवाई अड्डा पहुंचेंगे.

# हमेशा मुस्कुराते रहो : केजरीवाल

- ऑटो चालकों से मिल बोले- खुशहाली की कामना करता हूँ
- दिवाली से पहले ऑटो चालकों से खास मुलाकात



**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर. दिल्ली की सियासत में एक बार फिर एक आत्मीय लम्हा देखने को मिला जब आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने ऑटो चालक भाइयों से दिवाली के मौके पर मुलाकात की. यह सिर्फ एक राजनीतिक मिलन नहीं था, बल्कि दिल से दिल का रिश्ता था, जिसे केजरीवाल ने खुद ट्वीट कर बयां किया.**

दीपावली का त्योहार नज़दीक है और इस पावन अवसर पर आम आदमी पार्टी कार्यालय में एक खास आयोजन देखने को मिला. दिल्ली के सैकड़ों ऑटो चालक दिवाली की शुभकामनाएं देने और मिलने पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां खुद अरविंद केजरीवाल उनसे मिलने तुरंत पहुंच गए.

केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ऑटो वाले भाइयों से मेरा रिश्ता बहुत पुराना और दिल से जुड़ा है. उनसे मिलकर हमेशा एक अपनापन महसूस होता है. उन्होंने सभी ऑटो चालकों को दीपावली और आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिवार की खुशहाली की कामना की.


> पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह मिलन समारोह पूरी तरह आत्मीयता से भरा रहा. ऑटो चालकों ने भी केजरीवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उन्होंने हमेशा आम आदमी की आवाज़ को ऊपर रखा है. दिल्ली के ऑटो चालकों और केजरीवाल का रिश्ता बहुत पुराना रहा है. 2013 के विधानसभा चुनावों में जब झाड़ू चुनाव चिह्न लेकर आम आदमी पार्टी मैदान में उतरी थी, तब सबसे पहले साथ देने वालों में यही ऑटो चालक थे.

# शांति और सुरक्षा का नया अध्याय

## अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत समेत 20 देश होंगे शामिल

**काहिरा, 12 अक्टूबर. इजराइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में शांति के लिए आयोजित शर्म-अल-शेख शिखर सम्मलेन में सोमवार को में 20 से अधिक देशों के नेता हिस्सा लेंगे जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस शामिल हैं. इस अंतराष्ट्रीय सम्मलेन की सह-अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे.**

भारत को भी इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है. मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र में शांति के लिए ट्रंप के दृष्टिकोण और वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने के उनके निरंतर प्रयासों के अनुरूप है. इसका उद्देश्य गाजा युद्ध को समाप्त करना, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग एवं सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू करना है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने कार्यालय द्वारा भेजे गए एक संक्षिप्त नोट में इसमें भाग लेने की पुष्टि की है.



> ### राममंदिर के शिखर पर लहराएगा भगवा ध्वज
>
> **अयोध्या.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर भगवा रंग का विशाल ध्वज फहरायेंगे. राम मंदिर के शिखर पर लहराने वाले भगवा ध्वज का आकार 11 फिट चौड़ा और 22 फिट लंबा होगा और इस पर अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ के राज ध्वज पर अंकित वृक्ष कोविदार का राज्य चिह्न भी रहेगा. इसके साथ सूर्यवंश के प्रतीक भगवान सूर्य का चिह्न को भी स्थान मिलेगा.

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की आगरा यात्रा रद्द

**आगरा.** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की रविवार की आगरा यात्रा रद्द हो गई. मुत्तकी ताजमहल देखने के लिए आज आगरा जाने वाले थे और उनका यह कार्यक्रम आठ अक्टूबर को तय हो गया था. उनकी आगरा यात्रा का किस कारण रद्द हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है. प्रशासन के अनुसार, उन्हें सिर्फ आगरा यात्रा का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली है. मुत्तकी आज सुबह आठ बजे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा रवाना जाने वाले थे. 11 बजे आगरा पहुंच कर ताजमहल का दीदार करने वाले थे. इसके बाद दोपहर का खाना खाने के बाद उन्हें वापस दिल्ली आना था. करीब एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहना प्रस्तावित था.

# पूरण परिवार धैर्य बनाए रखें : खरगे

## पूरण कुमार की पत्नी को पत्र लिखकर जताया शोक

**नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि शोक की घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं.**

उन्होंने कहा कि जब हम चाँद पर झंडा गाड़ कर गौरवान्वित हो रहे हैं, तो संविधान ने जिन लोगों पर जनता के दुख तकलीफ और पीड़ा से मुक्ति दिलाने का दायित्व सौंपा है, उनको भी सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं और यह शर्मनाक और चिंता का विषय है. खरगे ने लिखा जब देश प्रगति और गौरव की बात करता है, तब यह शर्मनाक है कि हम अब भी उन लोगों की रक्षा नहीं कर सके जो संविधान की भावना के अनुरूप समाज के दु:ख और अन्याय को मिटाने का कार्य कर रहे थे. खरगे ने पूर्व आईपीएस अधिकारी की पत्नी अमनीत पी कुमार को लिखे पत्र में कहा मैं पत्र को अत्यंत दु:ख और भावनात्मक व्यथा के साथ लिख रहा हूँ. कुमार ने जीवनभर समाजिक पूर्वाग्रहों और विषमताओं के खिलाफ काम किया, उनके निधन की खबर से मुझे गहरा आघात पहुंचा है.



> उन्हों आगे लिखा अपने जीवन के लंबे अनुभव में मैंने बहुत सी घटनाओं के करीब से देखा है, पर पक्षपात और भेदभावकारी सोच के चलते घटित हुई इस दुखद घटना ने मुझे और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले सभी साथियों को बहुत पीड़ा पहुंचाई है. उन्होंने शोक-संतप्त परिवार को साहस और धैर्य बनाए रखने की सलाह दी.

## भाजपा ने जम्मू-कश्मीर राज्यसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों का किया ऐलान

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव 2025 के लिए तीन नामों को मंजूरी दे दी है. बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने रविवार को राज्यसभा चुनाव 2025 के लिए गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सतपाल शर्मा के नामों का ऐलान किया. दूसरी ओर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन सीटों के लिए अपने पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. एनसी के वरिष्ठ नेता चौधरी मुहम्मद रमजान, शम्मी ओबेरॉय और सज्जाद किचलू को राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए नामित किया गया है.

### एक नजर में

#### बीएसएफ एयर विंग को मिली पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर

**नई दिल्ली.** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एयर विंग के इतिहास में पहली बार एक महिला अधिकारी फ्लाइट इंजीनियर बनी हैं. इंस्पेक्टर भावना चौधरी ने यह उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने चार पुरुष सहकर्मियों के साथ बीएसएफ के एयर विंग की पहली इन-हाउस ट्रेनिंग पूरी की. इंस्पेक्टर भावना चौधरी इस प्रशिक्षण बैच की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं. वर्तमान में बीएसएफ एयर विंग वीआईपी ड्यूटी के लिए एम्ब्रेयर जेट के अलावा एमआई-17, एमआई-17 वी5, चेतक, चीता और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर भी संचालित करता है. बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने सभी प्रशिक्षित अधिकारियों को उनके उड़ान बैज प्रदान किए. गृह मंत्रालय के अधीन बीएसएफ एयर विंग की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी. यह विंग न केवल बीएसएफ बल्कि अन्य अर्धसैनिक बलों और एनएसजी व एनडीआरएफ जैसी विशेष इकाइयों की संचालन संबंधी जरूरतों को भी पूरा करता है. अधिकारियों के अनुसार, पांचों अधिकारियों ने अगस्त से शुरू हुए दो महीने के इन-हाउस प्रशिक्षण के दौरान 130 घंटे की व्यावहारिक ट्रेनिंग पूरी की. इस दौरान उन्हें पंजाब सहित कई राज्यों में बाढ़ राहत अभियानों के दौरान वास्तविक उड़ान संचालन का अनुभव भी मिला.



#### अफगानिस्तान ने भी माना, जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा


**नई दिल्ली.** भारत और अफगानिस्तान के बीच जारी हुए संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर को 'भारत का हिस्सा' बताया गया है. इससे पाकिस्तान भड़क गया है. पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के राजदूत को तलब कर आधिकारिक आपत्ति सौंपी है और कहा कि इस बयान से 'यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन' हुआ है. दरअसल अफगानिस्तान की तालिबान प्रशासन के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी भारत यात्रा पर आए हैं. इस दौरान उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की. इस मुलाकात के बाद संयुक्त बयान जारी किया गया, जिसे पढ़कर पाकिस्तान केमाथे पर पसीना आ गया है. संयुक्त बयान में 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई थी. इसमें जम्मू कश्मीर के साथा भारत लिखा गया, जो दिखाता है कि तालिबान भी जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा मानता है.

# अंतिम समय तक प्रधानमंत्री के साथ रहूंगा : मांझी

## एनडीए में सीट सहमति के बाद बोले

**पटना 12 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ठीक पहले, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एक बड़ा बयान देकर तमाम राजनीतिक अटकलों पर विराम लगा दिया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह पूरी तरह से एनडीए के साथ हैं और अंतिम समय तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ नहीं छोड़ेंगे.**

मांझी ने सोशल मीडिया पर दिए अपने बयान में कहा, मैं जीतन राम मांझी अपने अंतिम सांस तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ रहूंगा. जीतन राम मांझी यहीं नहीं रुके, उन्होंने बिहार के भविष्य की तस्वीर साफ करते हुए एक नारा भी दिया. उन्होंने लिखा, बिहार में बहार होगी, नीतीश संग मोदी जी की सरकार होगी. इस नारे के जरिए उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मजबूती से खड़े हैं. मांझी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पिछले कुछ दिनों से एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर उनकी पार्टी की नाराजगी की खबरें चल रही थीं.



> ### पारस ने लालू-तेजस्वी का ऑफर ठुकराया
>
> **पटना.** बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के शामिल नहीं होने की खबर है. पशुपति पारस की पार्टी अब असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (आसपा) से तालमेल की कोशिश करेगी.

### आज का इतिहास

- 1792-अमेरिका के राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस की नींव रखी गई.
- 1895- भारत की क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का जन्म.
- 1911-स्वामी विवेकानंद की शिष्या सिस्टर निवेदिता का निधन.
- 1948-सूफी भक्ति संगीत और कव्वाली के प्रसिद्ध गायक नुसरत फ़तेह अली ख़ां का जन्म.
- 1976-बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 100 मरे.
- 1987-भारतीय गायक किशोर कुमार का निधन.



# महापंचायत का 48 घंटे का अल्टीमेटम

- हरियाणा आईपीएस सुसाइड केस
- डीजीपी को पद से न हटाया गया, तो होगा आंदोलन

**चंडीगढ़, 12 अक्टूबर. आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में न्याय संघर्ष मोर्चा ने 31 सदस्यीय समिति का गठन किया है. इस संघर्ष समिति ने रविवार दोपहर तीन बजे चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास भवन में एक महापंचायत आयोजित की.**

महापंचायत में यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को उनके पद से हटा दिया जाए और उनकी गिरफ्तारी की जाए. इसके अलावा, मामले की जांच हाईकोर्ट के किसी जज से कराने की मांग की गई है.

हरियाणा सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है कि यदि डीजीपी को पद से न हटाया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. इसमें शहर की सफाई व्यवस्था को ठप करने के साथ-साथ अन्य प्रकार के विरोध प्रदर्शन भी शुरू किए जाएंगे.

### मुत्ताकी की प्रेस कांफ्रेंस में शामिल हुयीं महिलाएं

**नयी दिल्ली.** एक सप्ताह की भारत यात्रा पर आए अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर ख़ान मुत्ताकी के यहां रविवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया. मुत्ताकी की इससे पहले यहां हुई प्रेस कांफ्रेंस में महिला पत्रकारों की गैरमौजूदगी रही थी. इस कदम की चौतरफा आलोचना हुई थी. मुत्ताकी ने रविवार को इसे चूक बताते हुए तकनीकी समस्या करार दिया. उन्होंने कहा, किसी को भी शामिल नहीं करने का कोई इरादा नहीं था.

# अब अनुकंपा नियुक्ति आसान नहीं

- हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ का आया अहम फैसला
- परिवार में किसी की भी सरकारी नौकरी होने पर नहीं मिलेगा लाभ

**ग्वालियर 12 अक्टूबर. हाईकोर्ट की युगल पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि मृत सरकारी कर्मचारी के परिवार में कोई सदस्य पहले से सरकारी सेवा में कार्यरत है, तो अन्य सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार नहीं मिलेगा.**

यह फैसला न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति पुष्पेन्द्र यादव की पीठ ने सुनाया. इसी के साथ अनुकंपा नियुक्ति के लिए दायर एक अपील को खारिज कर दिया है.

यह मामला बहोड़ापुर निवासी रंजीत सिंह से संबंधित है, उनके पिता जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत थे, जिनका निधन 14 मई 2022 को हो गया था. पिता के निधन के बाद, रंजीत सिंह ने 26 मई 2022 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया. उनका आवेदन 21 जुलाई 2022 को अस्वीकृत कर दिया गया था. अस्वीकृति का कारण यह था कि उनके दोनों भाई पहले से नौकरी में थे, एक सरकारी सेवा में और दूसरा आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत था. बाद में, रंजीत सिंह के एक भाई ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र दे दिया. इस आधार पर, रंजीत सिंह ने फिर से अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया, लेकिन इस बार भी उनका आवेदन खारिज कर दिया गया.

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति केवल नीति के दायरे में आने वाले मामलों में ही दी जा सकती है.

### एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट की धारा जोड़ी

चंडीगढ़ पुलिस ने देर रात आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार की एक मांग मानते हुए एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) जोड़ दी है. परिवार लगातार इस धारा को शामिल करने की मांग कर रहा था. उनका कहना था कि एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट तो दर्ज किया गया है, लेकिन उसके सख्त प्रावधानों को शामिल नहीं किया गया.




# सीमा पर सोने का तस्कर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर. सीमा सुरक्षा बल ने रविवार को भारत-बंगलादेश सीमा पर एक तस्कर को 2.82 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया.**

बीएसएफ के सूत्रों के अनुसार अधिकारियों को पश्चिम बंगाल में सीमा के पास स्थित मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति होरंदीपुर इलाके से बंगलादेश से सोने की तस्करी करने की योजना बनाये जाने की सूचना मिली थी. सूचना मिलने पर ड्यूटी पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और जाल बिछाने को कहा गया. सुबह लगभग छह बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को घने बाँस के झुरमुट के पीछे सावधानी से घूमते देखा और उसे पकड़ लिया गया.

**बोले चिदंबरम** — इस बयान के बाद कांग्रेस नेतृत्व में भारी नाराजगी देखी गई

# पंजाब में ऑपरेशन ब्लू स्टार कांग्रेस की बड़ी गलती

**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर.पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा ऑपरेशन ब्लू स्टार को एक बड़ी गलती करार देने पर सियासी भूचाल आ गया है. कांग्रेस नेतृत्व इस बयान से नाराज़ है, तो बीजेपी ने इसे आधे सच की राजनीति बताया है.**

हरिंदर बावेजा से उनकी पुस्तक दे विल शूट यू मैडम माई लाइफ थ्रु कॉन्फ्लिक्टपर बातचीत के दौरान कहा, सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था. इस बयान के बाद कांग्रेस नेतृत्व में भारी नाराजगी देखी गई. पार्टी सूत्रों के अनुसार, हाईकमान का मानना है कि ऐसे वरिष्ठ नेताओं को, जिन्होंने पार्टी से सब कुछ पाया है, उन्हें ऐसे सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए जो संगठन के लिए शर्मिंदगी पैदा करें.

पूर्व गृह मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के एक ताज़ा बयान ने पार्टी नेतृत्व को असहज कर दिया है. हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान चिदंबरम ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी और इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी जान देकर कीमत चुकाई.



> इस बयान के बाद कांग्रेस नेतृत्व में भारी नाराजगी देखी गई. पार्टी सूत्रों के अनुसार, हाईकमान का मानना है कि ऐसे वरिष्ठ नेताओं को, जिन्होंने पार्टी से सब कुछ पाया है, उन्हें ऐसे सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए जो संगठन के लिए शर्मिंदगी पैदा करें. कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है जब चिदंबरम के बयान से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा हो. एक वरिष्ठ नेता ने कहा, ऐसे बयान आदत में शामिल नहीं होने चाहिए. जनता की नजर में पार्टी की एकजुटता और नेतृत्व की विश्वसनीयता कमजोर होती है.

### आश्रम के 28 लाख लेकर संत फरार, मठ में मचा हड़कंप

**हरिद्वार 12 अक्टूबर.** उत्तराखंड के कनखल स्थित महामृत्युंजय मठ में आश्रम की देखभाल करने वाले वैराग्य पूरी उर्फ विकास पूरी 10 अक्टूबर रात अचानक 28 लाख रुपये और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गया. जानकारी के अनुसार, वैराग्य पूरी ने वर्ष 2009 में मठ के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी यमुनापुरी से संन्यास लिया था और उसके बाद से वह मठ का संचालन कर रहा था.

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**E-Tender Cell Department**
**Sinhastha Work - E-Tender Notice No.10 (2025-26)**

Nashik Municipal Corporation, Nashik Public Works Department vide E-Tender Notice No. 10 (Year 2025-26) invites bids for 02 number of works which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from dt. 11/10/2025 to 27/10/2025 up to 3.00 pm. Last date for acceptance of tender will be dt.27/10/2025.

**Note** - All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.

Sd/-
Executive Engineer
(Tender Cell)
Nashik Municipal Corporation

जनसंपर्क/जा.क्र/२८५/२०२५ दि.१०/१०/२०२५ गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.